नाम .......... अनुक्रमांक ........

# वार्षिक परीक्षा 2020

# विज्ञान

**कक्षा-8** **स-VIII-विज्ञान**

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 50**

निर्देश—(i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।
(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख निर्दिष्ट हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका पर अंकित कीजिये—

(क) भारतीय अन्तरिक्ष कार्यक्रम के जनक थे— 1
(i) डॉ. हारवर्ड माइकल (ii) आर्यभट्ट
(iii) डॉ. विक्रम साराभाई (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) जन्तुओं में निरन्तरता के लिये आवश्यकता है— 1
(i) पाचन (ii) श्वसन (iii) प्रजनन (iv) उत्सर्जन

(ग) साहीवाल है— 1
(i) गाय (ii) भैंस (iii) मछली (iv) मुर्गी

(घ) दाब का मात्रक है— 1
(i) न्यूटन-मीटर (ii) किलोग्राम (iii) जूल (iv) न्यूटन/मीटर$^2$

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये— 4

(क) सूक्ष्मजीवों को देखने के लिये ………… की आवश्यकता है।
(ख) जीवाणु द्वारा नींबू के पौधे में ………… नामक रोग होता है।
(ग) प्रथम प्रति जैविक दवा ………… थी।
(घ) डेंगू रोग ………… मच्छर के काटने से होता है।

3. निम्नलिखित के सही जोड़े बनाइये— 4

| स्तम्भ (क) | स्तम्भ (ख) |
|---|---|
| जड़ों के शीर्ष कलिकाओं में वृद्धि | बहुकोशिकीय जीव |
| मक्खी | सन्देशों का संवहन |
| तन्त्रिका ऊतक | प्रतिभाजी ऊतक |
| संवहन ऊतक | जाइलम |

(P.T.O.)



## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिये—

(क) राष्ट्रीय अनुसंधान समिति का गठन कब हुआ ? 2
(ख) इलेक्ट्रॉन पर किस प्रकार का आवेश होता है ? 2
(ग) द्विलिंगी किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाओ। 2
(घ) पृथ्वी द्वारा सभी वस्तुओं पर लगाया गया आकर्षण बल क्या है ? 2
(ङ) चुम्बकीय क्षेत्र किसे कहते हैं ? 2
(च) अपररूप क्या होते हैं ? 2
(छ) मेथेन को 'मार्श' गैस क्यों कहते हैं ? 2

## लघु उत्तरीय प्रश्न

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये—

(क) संश्लेषित रेशों से बने वस्त्र जल्दी क्यों सूख जाते हैं ? 4
(ख) धातुओं का संक्षारण क्या है ? 4
(ग) प्रतिजैविक दवायें क्या हैं ? इनका क्या उपयोग है ? 4
(घ) दिव्यांगता से आप क्या समझते हैं ? श्रवण दिव्यांगता के बारे में बताइये। 4
(ङ) फसलों का भण्डारण किस प्रकार किया जाता है ? लिखिये। 4
(च) प्राथमिक तथा द्वितीयक सैल में अन्तर स्पष्ट कीजिये। 4
(छ) हीरा का उपयोग आभूषण बनाने में क्यों किया जाता है ? 4

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

6. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिये—

(क) द्वितीयक लैंगिक लक्षण किसे कहते हैं तथा ये किस प्रकार नियंत्रित होते हैं ? 7
(ख) हरित क्रान्ति पर प्रकाश डालिये। 7
(ग) दूरदर्शी किसे कहते हैं ? स्वच्छ किरण खींचकर दूरदर्शी से बने प्रतिबिम्ब की स्थिति दर्शाइये ? प्रतिबिम्ब की प्रकृति आकार तथा स्थिति का भी उल्लेख कीजिये। 7
(घ) विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव को दर्शाने के लिये एक प्रयोग का वर्णन कीजिये। 7